# मुख्यमंत्री ने वनाग्नि, चारधाम यात्रा को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड सदन से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा, विद्युत आपूति आदि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य शासन के आलाधिकारियों व सभी जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक कर दिशा-निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वनाग्नि को लेकर कहा कि हमारे सामने वनाग्नि बडी चुनौती के रूप में उभरी है। उन्होंने मुख्य सचिव राधा रतूडी को निर्देशित किया कि इस मामले में ऊपर से नीचे तक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटी जाए और इन सभी से नियमित रिपोर्ट ली जाए। उन्होंने कहा कि वनाग्नि रोकने के कार्य में जिलाधिकारी भी वन विभाग का पूर्ण सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें यह भी सुनिश्चित करना है कि जो फायर वॉचर्स फील्ड में कार्यरत हैं उनकी भी सुरक्षा के उपाय किये जायें और इसके लिए उनके हेतु बीमा आदि विकल्पों पर विचार किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि डीएफओ और उनसे उच्च स्तर के अधिकारी मौके पर जरूर जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यालय में बैठकर आग पर काबू नहीं पाया जा सकता। इसके लिए जो भी कडी कार्रवाई की जानी है वह की जाए। जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे परिस्थितियों के हिसाब से निर्णय लें।

मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। नवनियुक्त हॉफ के द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अब तक वनाग्नि के प्रकरणों में कुल 350 केस दर्ज किए जा चुके हैं जिनमें 60 नामजद मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि जहां कहीं से भी घटना की सूचना मिल रही है वहां तत्काल टीमें भेजकर एक से छह घंटों में आग पर काबू पा लिया जा रहा है।मुख्य सचिव द्वारा इस दौरान मुख्यमंत्री को यह भी अवगत कराया गया कि पिरूल को लेकर एनटीपीसी के साथ राज्य सरकार का करार हो चुका है और एनटीपीसी ने राज्य से पिरूल लेना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में आगामी समय में यह भी आग लगने से बचाव में कारगर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने चारधाम यात्रा तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि चारधाम यात्रा हमारे लिए चुनौती भी और परीक्षा की घडी भी। उन्होंने डीजीपी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर परिसरों में तैनात सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करें और उनकी मदद के लिए तत्काल आगे आएं। उन्होंने कहा कि जो भी श्रद्धालु यहां से जाए वह अपने साथ एक अच्छा सन्देश लेकर जाए। उन्होंने कहा कि यात्रा के शुरुआती 15 दिन हमारे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण हैं और इस हेतु आवश्यक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। इन 15 दिनों में वीआईपी का मूवमेंट कम से कम हो। उन्होंने कहा कि चारधाम की हर तरह की सूचना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पडे.। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि यात्रा मार्गो पर साफ-सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा यात्रा रूट पर अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की रोटेशन में तैनाती के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें हेली सेवाओं को लेकर आती है, इस पर बहुत ज्यादा सख्ती करने की जरूरत है। डीजीपी श्री अभिनव कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि डीआईजी लॉ एंड आर्डर को ट्रैफिक प्रबंधन के लिहाज से भी जिम्मेदारी दी गयी है। लक्ष्मण झूला, मुनि की रेती, शिवपुरी वाले मार्ग पर लगने वाले जाम के मद्देनजर देहरादून के एसपी देहात को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। एडिशनल एसपी कोटद्वार व सीओ नरेन्द्र नगर उनका सहयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी विभाग और अधिकारी ओनरशिप लेकर एक पॉजिटिव भाव के साथ कार्य करें।

बैठक में मुख्यमंत्री को सचिव पेयजल अरविंद सिंह ह्यांकी द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य में कुल 317 गांव व शहरी क्षेत्रों में 148 मोहल्ले चिन्हित किये गए हैं जहां पेयजल की समस्या है और इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति हेतु तमाम विकल्पों के जरिये पेयजल पहुँचाने के प्रयास किए जा रहे हैब। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा शिकायतें देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ, डीडीहाट, कोटद्वार, चम्पावत से प्राप्त हो रही हैं। साथ ही 1 अप्रैल से 30 जून तक समस्त जिलों में कमर्शियल कंस्ट्रक्शन के लिए कनेक्शन देने पर रोक लगाने के साथ ही समस्त डीएम को निर्देशित किया है कि वे वर्कशॉप्स में वाहनों को ड्राई वाश किया जाए यह सुनिश्चित करें। अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बताया कि सभी जिलाधिकारियों को हर जिले में 10-10 छोटे नाले धारे चिन्हित कर इन्हें पुनर्जीवित करने का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह राज्य स्तर पर 10 छोटी नदियों को चिन्हित किया जा रहा है जिन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि 1 से 7 जून तक भारत सरकार जल संरक्षण अभियान शुरू करने जा रही है, जिसकी राज्य स्तर पर भी तैयारियां गतिमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण हमारे लिए चुनौती है। उन्होंने कहा कि समस्त सरकारी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग व सौर ऊर्जा के इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि पेयजल के लिहाज से अभी चुनौती आना शेष है, इसलिए अभी से तैयारियों को पुख्ता बनाएं।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की प्रगति पर आधारित दस्तावेज की प्रति राज्यपाल को भेंट की

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में सचिव उद्योग एवं मुख्यमंत्री कार्यालय विनय शंकर पाण्डेय ने मुलाकात की। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने राज्यपाल को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 की प्रगति पर आधारित दस्तावेज की प्रति भी भेंट की। श्री पांडेय ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट ने उत्तराखण्ड में निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है, जिसने राज्य को आर्थिक और उद्योगिक दृष्टि से मजबूत किया है। उन्होंने राज्यपाल को गत वर्ष के सम्मेलन के महत्वपूर्ण निर्णयों की भी जानकारी दी और आने वाले वर्षों के लिए निर्धारित योजनाओं को साझा किया। श्री पाण्डेय ने बताया कि अब तक लगभग 71 हजार करोड़ रुपए के एमओयू को धरातल पर क्रियान्वित किया जा चुका है और शेष कार्यों के लिए भी प्रक्रिया गतिमान हैं।इस अवसर पर राज्यपाल ने इस सफलता के लिए प्रदेश के नेतृत्व एवं अधिकारियों की प्रशंसा की और उनके परिश्रम को सराहा। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए उत्तराखण्ड की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिए सभी के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि जिस प्रकार प्रदेश द्वारा इस समिट के आयोजन से पूर्व तैयारियां की गई वह अभूतपूर्व थी, जिसका परिणाम हमें देखने को मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट के दौरान साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर करने वाले निवेशक हमारे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी निवेशक हमारे ब्रांड एंबेसडर भी हैं अत: उनके लिए किसी भी प्रकार की सुविधाएँ जुटाना हमारा कर्तव्य है। राज्यपाल ने कहा कि हमें इस कार्य की गति को बढ़ाते हुए सभी से पुन: संपर्क करने के साथ-साथ उनके द्वारा मिलने वाले सुझावों पर भी अमल करना चाहिए।

## मे.ज. यशपाल द पेस्टल वीड स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। द पेस्टल वीड स्कूल के सदाबहार परिसर में द पेस्टल वीड स्कूल और चिल्ड्रन एकेडमी के छात्रों के लिए पूर्व छात्रों के पुनर्मिलन के साथ 33 वें प्रेरण समारोह और वार्षिक पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेजर जनरल यशपाल सिंह अहलावत एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, एमजीजीएस ऑपरेशंस उत्तरी कमान, बाल अकादमी 1985 बैच के पूर्व छात्र, उनकी पत्नी रेणु के साथ थे, जो लगभग 3 दशकों के अनुभव के साथ एक शिक्षाविद थीं।

मुख्य अतिथि मेजर जनरल यशपाल सिंह अहलावत एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम का स्वागत करते हुए, द पेस्टल वीड स्कूल के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप ने अपने पुराने छात्रों को एक शानदार सेना अधिकारी के रूप में वापस आने पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। मेजर जनरल यशपाल सिंह अहलावत को खेलों और पाठ्येतर पाठ्यक्रमों के प्रति गहरी रुचि रखने वाले एक मेधावी छात्र के रूप में याद करते हुए, डॉ. प्रेम कश्यप ने कहा कि उनके लिए एक अनुयायी से एक नेता बनने और फिर झांसी हाउस कैप्टन बनने के लिए यह एक बहुत ही स्वाभाविक था। उनकी कप्तानी में झांसी हाउस ने कई टूर्नामेंट और ट्राफियां जीती थीं और आज उन्हें बहादुर सैनिकों का नेतृत्व करते हुए देखकर उनका दिल गर्व से भर गया।समारोह की शुरुआत स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए अकादमिक उत्कृष्टता पुरस्कार वितरण के साथ हुई। श्रीमती रेणु सिंह ने कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों और वरिष्ठ बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए और मुख्य अतिथि मेजर जनरल यशपाल सिंह अहलावत एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, एमजीजीएस ऑपरेशंस नॉर्दर्न कमांड के हाथों से प्रेरणा ली। शाम अपने साथ उपलब्धि के गौरव, उत्कृष्टता को पार करने के लिए उत्साह, निरंतर प्रयासों के लिए उत्साह और अल्मा मेटर के लिए श्रद्धा के क्षण लेकर आई, जब नव स्थापित छात्र परिषद को उनकी जिम्मेदारियों, कर्तव्यों और बैज से सम्मानित किया गया और उन्हें प्रतिबद्धता, समर्पण और धीरज की शपथ दिलाई गई।

प्रेरणा समारोह सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक है जब स्कूल युवा नवोदित कंधों पर जिम्मेदारी और विश्वास के मंत्र को बढ़ावा देता है। विद्यार्थी परिषद द्वारा शपथ ग्रहण समारोह के साथ प्रतिबद्धता मजबूत और दृढ़ संकल्प अधिक प्रमुख हो गया। मुख्य अतिथि और सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्ति प्रेरणा समारोह के राजसी दृश्य से अभिभूत थे, जब छात्र परिषद अज्ञानता के अंधेरे को दूर करने के लिए दीपक लेकर चली गई और स्कूल के आदर्श वाक्य को आत्मसात करने, विकसित करने और बनाए रखने के लिए सर्वोच्च आशीर्वाद का आह्वान कियारू आत्मनिरीक्षण, निर्माण, पोषण और सफलता। सांस्कृतिक कार्यक्रम आंखों के लिए एक दृश्य उपचार था, रंगों का एक बहुरूपदर्शक था जो हमारे देश की समृद्ध विविधिता को नृत्यों के माध्यम से दर्शाता है। स्कूल की लड़कियों ने एक दिव्य सुंदर नृत्य किया, जहां सुंदरता, शक्ति और स्त्रीत्व ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, नृत्य ऐसे दिखाई दिए जैसे आकाशीय संगीत और माधुर्य ने स्कूल के ओपन एयर एम्फीथिएटर श्द थ्रोबिंग स्टोनश् की सिल्वन सेटिंग पर कब्जा कर लिया हो। शाम को लाइट एंड साउंड ड्रामा श्सोने की गुड़ियाश् की प्रस्तुति देखी गई, जिसमें सुंदर तितलियों, फूलों और बंदरों के रूप में कपड़े पहने नन्हें बच्चों द्वारा नृत्य किया गया, जूनियर लड़के अपने चिकन नृत्य के साथ मुस्कुराहट लाए और यही नृत्य नाटक राज्य की राजकुमारी की लापता मुस्कान वापस लाने के बारे में था।

## कार्डियोलॉजिस्ट व कैथ लैब टेक्नीशियन के पांच पदों पर होगी नियुक्ति

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में नव निर्मित कैथ लैब के संचालन हेतु कार्डियोलॉजिस्ट व कैथ लैब टेक्नीशियन के पांच पदों पर शीघ्र तैनाती की जायेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अनुरोध पर निर्वाचन आयोग ने नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। विभागीय मंत्री डा धन सिंह रावत ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत अधिकारियों को उक्त नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये हैं।

सुबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि आगामी 10 मई से प्रदेश में चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है, जिसके सफल संचालन को लेकर राज्य सरकार खासी गंभीर है। यात्रा मार्गों पर तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये सरकार ने कई अहम निर्णय लिये हैं। जिसमें श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में नव स्थापित कैथ लैब भी शामिल है। विभागीय मंत्री डा. रावत ने बताया कि शीघ्र ही मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब के संचालन के लिये दो कार्डियोलॉजिस्ट तथा तीन कैथ लैब टेक्निशियन की तैनाती की जायेगी, जिसके निर्देश विभागीय अधिकारियों को दे दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग से भी उक्त पदों को भरने की मंजूरी मिल गई है। इस संबंध में विभागीय सचिव आर. राजेश कुमार ने मिशन निदेश, एनएचएम को पत्र जारी कर कार्डियोलॉजिस्ट व कैथ लैब टेक्नीशियन के रिक्त 05 पदों के सापेक्ष भर्ती विज्ञापन जारी कर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। डा. रावत ने बताया कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कैथ लैब के संचालन से हृदय संबंधी रोगों का पता लगाया जा सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड की विशेषताओं को राष्ट्रीय फलक पर रखने में सहयोगी बने पीआरएसआई: बंशीधर

देहरादून, (वीअ)। पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर के प्रतिनिधिमंडल ने मीडिया सेंटर सचिवालय में सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी से शिष्टाचार भेंट की। सूचना महानिदेशक ने पीआरएसआई की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में जनसंपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पीआरएसआई उत्तराखंड की छवि को देश दुनिया के सामने रखने में सहयोगी बनेगा। योजनाओं को सही तरीके से आमजन तक पहुंचाने में सभी विभागों और संगठनों को मिलकर काम करना होगा। इसमें पीआरएसआई सहायक हो सकता है। जनसंपर्क क्षेत्र को मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि बेहतर परिणाम के लिए आधुनिक सूचना तकनीक को अपनाना होगा। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म का उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि पीआरएसआई जनसंपर्क के क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा संगठन है। लगभग प्रत्येक राज्य में इसकी शाखाएं हैं। उत्तराखंड की विशेषताओं और संभावनाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने में पीआरएसआई महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। पीआरएसआई देहरादून के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने कहा कि पीआरएसआई द्वारा सभी विभागों और संगठनों के जनसंपर्क कर्मियों को एक प्रभावी प्लेटफार्म उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। सचिव अनिल सती ने पीआरएसआई के क्रियाकलापों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पीआरएसआई के कोषाध्यक्ष सुरेश भट्ट, सदस्य मनोज सती, प्रियांक भी उपस्थित थे।

### विवाद के बाद पत्नी ने की पति की पत्थर से कुचलकर हत्या

बागेश्वर, (वीअ)। कपकोट थाना पुलिस क्षेत्र अंतर्गत फरसाली में पत्नी-पत्नी के बीच उपजे विवाद में पति की जान चली गई। पत्नी ने गुस्से से पति के सिर पर पत्थर से वार कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरसाली पति-पत्नी में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, कहासुनी इतनी बढ़ी कि दोनों में हाथापाई हो गई। दोनों लड़ते हुए कमरे से बाहर आ गए। इस दौरान पत्नी ने पास में पड़े पत्थर से पति के सिर पर वार कर दिया। वार करते ही वह लहुलुहान होकर नीचे गिर गया और बेहोश हो गया। बच्चों की चीख-पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। घायल को आनन-फानन में सीएचसी कपकोट ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भाई ने पुलिस में तहरीर सौंपी है।भाई की मौत के लिए उसकी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी मुन्नी देवी के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस उपाधीक्षक अंकित कंडारी ने बताया कि रात में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद में पत्नी ने पति के सिर पर पत्थर से वार कर दिया, जिससे पति की मौत हो गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गांव में लगी आग, चार मकान जलकर खाक

काशीपुर, (वीअ)। गर्मी का सीजन आते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में फॉरेस्ट फायर की घटनाओं से शासन प्रशासन चिंतित है। वहीं, शहरी इलाकों में आगजनी की घटनाओं ने भी लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। बाजपुर के एक गाव में आग से एक के बाद एक घर जलकर खाक हो गए।बीती देर रात बाजपुर में चार कच्चे घरों में आग लग गयी। देखते ही देखते चारों घर आग में स्वाहा हो गये। घरों के जलने की तस्वीरें लाइव कैमरे में कैद हो गयी हैं। आग से घर में रखा खाने पीने, ओढ़ने पहनने के कपड़े, स्कूली बच्चों की कॉपी किताबें, जेवरात सहित नकदी जल कर राख हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।मामला बाजपुर तहसील के रतनपुरा गांव का है। यहां देर रात अचानक चार कच्चे घरों में आग लग गयी. आग सबसे पहले इंद्रजीत के घर से लगी। देखते ही देखते आग ने चार घरों को अपनी चपेट में ले लिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता तब तक आग ने रौद्र रूप धारण कर लिया। इस दौरान घरों में रहने वाले लोगों ने बमुश्किल घरों से भागकर जान बचाई। आग से पीड़ित इंद्रजीत, अमरजीत, रविन्द्र और सरोज के घरों का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अभी तक प्रशासन ने उनकी सुध नहीं ली है।

### चाकू से गोदकर दिव्यांग युवक को घायल करने के आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में

रुद्रपुर, (वीअ)। पंतनगर थाने के सिडकुल क्षेत्र स्थित अटरिया मेले में दिव्यांग युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने पांच नाबालिग लडक़ों को हिरासत में लिया है। साथ ही एक नाबालिग लडक़े की निशानदेही पर घटना में प्रयोग की गई चाकू बरामद कर लिया है। सभी नाबालिग लडक़ों को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जा रहा है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि 2 मई को पीडित़ नंदू मेले में घूमने आया था। मेले में पांचों नाबालिग किशोर भी घूम रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्ष के बीच झगडा हो गया, जिससे एक नाबालिग लडक़े ने चाकू से नंदू पर हमला कर दिया। जिससे नंदू गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद घायल नंदू को पीएसी में तैनात सिपाही प्रदीप सिंह ने प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया।

## जंगलों में आग लगाने के मामले में बिहार के तीन मजदूर गिरफ्तार

**वीर अर्जुन संवाददाता**

चमोली। कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ युवक पहाड़ों में आग लगाने की बात कर रहे हैं। वायरल वीडियो में ये युवा आग लगाना ही हमारा यही काम है, कहते सुनाई दे रहे हैं। युवक कह रहा है कि हम इसी काम के लिए आये हैं। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि कैसे ये युवा जंगलों को आग के हवाले कर रहे हैं। अब वायरल हो रहे इस वीडियो में एक्शन हुआ है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो गैरसैंण ब्लॉक के पांडुवाखाल क्षेत्र का बताया जा रहा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद चमोली पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। चमोली पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने थाना गैरसैंण पुलिस को आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। जिसके बाद गैरसैण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बृजेश कुमार, सलमान व शुखलाल, को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आये ये तीनों युवक बिहार के रहने वाले हैं। तीनों युवकों से पुलिस ने गैरसैंण थाने में पूछताछ की। जिसमें इन युवकों ने बताया सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने यह वीडियो अपलोड किया था। तीनों युवक मजदूरी का काम करते हैं। आजकल पांडुवाखाल क्षेत्र में ठेकेदार के साथ सड़क डामरीकरण का कार्य कर रहे हैं।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार ने कहा सोशल मीडिया पर जंगलों में आग लगाने का एक वीडियो वायरल हो रहा था। इस मामले में पुलिस ने बिहार के तीन मजदूर युवकों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार ने वनों को आग से बचाने की अपील भी की है।

## यात्रा व्यवस्था ड्यूटी में लगने वाले पुलिस बल की आईजी ने ली ब्रीफिंग

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून । केदारनाथ धाम यात्रा व्यवस्था ड्यूटी में लगने वाले पुलिस बल एवं थाना, चैकी प्रभारियों की पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र करन सिंह नगन्याल द्वारा ब्रिफिंग ली गयी। अतिथि देवो भव: के भाव एवं उत्तराखण्ड पुलिस के ध्येय वाक्य मित्रता, सेवा, सुरक्षा के साथ अपने कर्तव्य निर्वहन करे तथा श्रद्धालुओं की मदद व सहायता करने के निर्देश दिये गये। ड्यूटी में नियुक्त प्रत्येक कर्मी को आचरण व व्यवहार सही रख कर सर्मपण सेवा भाव से ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालु आपके व्यवहार का अनुभव लेकर ही यहां से वापस जाता है। यदि आपका व्यवहार, बोलने का तरीका सही रहेगा तो सामने वाले श्रद्धालु की आधी समस्या वहीं पर समाप्त, क्योंकि वह भी काफी दूर से हजारों किलोमीटर का सफर कर आप तक पहुंचता है।ऐसे में आपका व्यवहार ही आपका परिचय होना चाहिए। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों पर निरन्तर दृष्टि रखे जाने, सरहदी जनपदों से आवश्यक समन्वय बनाये रखने, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। चारधाम यात्रा के दौरान सोशल मीडिया, ब्लॉगिंग रील्स बनाकर यहां की गरिमा खराब करने का प्रयास एवं ऐसे गलत कार्य करने वालों का चिन्हीकरण कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये कि हैलीकॉप्टर टिकटों के नाम पर होने वाली ठगी के प्रकरणों में यदि मुकदमा दर्ज किया जाये तो सम्बन्धित शिकायतकर्ता के बयान व अन्य साक्ष्य जैसे बैंक डिटेल्स या फर्जी टिकट की कॉपी इत्यादि प्राप्त कर लें ताकि उसके गन्तव्य पर वापस चले जाने के उपरान्त उसे दुबारा न आना पड़े, कुछ मामलों में अनावश्यक सफर के चलते शिकायतकर्ता दुबारा नहीं आता जिस कारण केस अनावश्यक तौर पर लम्बित रहते हैं। जनपद पुलिस द्वारा गत वर्ष चलाये गये ऑपरेशन मुस्कान व इस बार भी इसे जारी रखने की सराहना की गयी तथा ऑपरेशन मर्यादा के हरेक प्रावधानों को शत-प्रतिशत लागू करने के निर्देश दिये गये। यात्रा पर चलने वाले घोड़ा-खच्चर के हॉकरों डण्डी-कण्डी चलाने वालों का सत्यापन के साथ ही उनके प्रतिदिवस का सही विवरण या पहचान होने के निर्देश दिये गये ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी कारित करने पर उनकी भी जिम्मेदारी तय की जाये। थाने चैकियों में आपदा उपकरणों के साथ रात्रि में जाने के लिए लाइट इत्यादि की व्यवस्था होने के निर्देश दिये गये। विशेष तौर पर पुन: निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं व यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। असभ्य शब्दों का प्रयोग करने से बचें। पीड़ितों व जरूरतमंदों की यथासम्भव मदद करने, नवागत पुलिस कार्मिकों को वरिष्ठ पुलिस कार्मिक के साथ ड्यूटीरत करने, अनुशासित रहने व समय-समय पर अपने स्तर से भी श्रद्धालुओं को यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में बताने के निर्देश दिये गये। यात्रा के शुरुआती चरण में भीड़ नियंत्रण, यातायात नियंत्रण के कार्य की चुनौती का सही ढंग से समाधान करने के निर्देश दिये। जिस उद्देश्य को लेकर हम हैं उसी अनुरूप यात्रा का सफल संचालन करने की अपेक्षाओं के साथ सभी को शुभकामनायें दी गयी। ब्रिफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग, पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल, सहायक सेनानायक 46 वीं वाहिनी अविनाश वर्मा (हाल पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा) प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, निरीक्षक यातायात, अभिसूचना, संचार, एसडीआरएफ, प्रभारी जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, चैकी प्रभारी, शाखा प्रभारी व यात्रा व्यवस्था में नियुक्त होने वाला समस्त पुलिस बल उपस्थित रहा।

UTTAM SUGAR

उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : ग्राम लिब्बरहेड़ी, तहसील रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड)

सीआईएन : L99999UR1993PLC032518, फोन : 0120-4525000

वेबसाइट : www.uttamsugar.in, ई–मेल आईडी : investorrelation@uttamsugar.in

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही/वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण

(रू. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | तिमाही समाप्त | | वित्तीय वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31-03-2024 (लेखापरीक्षित) | 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) | 31-03-2024 (लेखापरीक्षित) | 31-03-2023 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 46,759 | 53,012 | 205,552 | 206,768 |
| 2. | तिमाही/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 5,732 | 9,330 | 17,882 | 16,496 |
| 3. | तिमाही/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 5,732 | 9,330 | 17,882 | 16,496 |
| 4. | तिमाही/वर्ष हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 4,214 | 7,000 | 13,221 | 12,362 |
| 5. | तिमाही/वर्ष हेतु कुल समावेशी आय [अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) शामिल है] | 4,159 | 6,959 | 13,141 | 12,384 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रू. 10/– प्रत्येक) | 3813.81 | 3813.81 | 3813.81 | 3813.81 |
| 7. | अन्य इक्विटी (जैसा कि पूर्व वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शित है) | 65,791 (31-03-2024 को) | | | |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/– प्रत्येक का) (जारी और बंद प्रचालनों हेतु) – 1. मूल (रू. में) : | 11.05 | 18.35 | 34.67 | 32.41 |
| | 2. तनुकृत (रू. में) : | 11.05 | 18.35 | 34.67 | 32.41 |

नोट : उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेन्जेज में प्रस्तुत किए गए 31-03-2024 को समाप्त चौथी तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारकित रूप है। 31-03-2024 को समाप्त चौथी तिमाही/वर्ष के वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्ज वेबसाइट्स : (www.bseindia.com तथा www.nseindia.com) और कम्पनी की वेबसाइट (www.uttamsugar.in) पर उपलब्ध है।

वास्ते उत्तम शुगर मिल्स लिमिटेड
हस्ता./–
(राज कुमार अदलखा)
प्रबंध निदेशक

स्थान : नोएडा
दिनांक : 06 मई, 2024

## अस्थमा रोग को नजरअंदाज न करें लोग: डॉ. अनुराग

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून। भारत के हर शहर में बढते प्रदूषण के कारण अधिक संख्या में भारतीय अस्थमा से प्रभावित हो रहे हैं। अस्थमा फेफडों की एक पुरानी बीमारी है जो सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करती है, जिससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है। भारत में बढते प्रसार के बावजूद, अस्थमा से पीडित लोगों के बीच अभी भी बहुत सारे परिवाद और मिथक हैं। शहर के प्रसिद्ध पल्मोनोलॉजिस्ट और दून मेडिकल कॉलेज के एचओडी, डॉ. अनुराग अग्रवाल ने अस्थमा रोगियों द्वारा लक्षणों में कमी के बाद दवाएँ छोडऩे और निरंतर जाँच के लिए न आने पर अपनी चिंताएँ साझा कीं।

विश्व अस्थमा दिवस पर डॉ. अग्रवाल ने अपनी चिंताएँ साझा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अनुभव में देखा है कि अस्थमा का प्रचलन लगातार बढ. रहा है। देहरादून में बहुत सारे निर्माण कार्य, वाहनों की आवाजाही को देखा जा सकता है जो कुल मिलाकर वायु गुणवत्ता और फेफडों को प्रभावित करता है। इसका प्रचलन विशेष रूप से युवाओं और वयस्कों में बढ. रहा है। हालाँकि, सबसे चिंताजनक बात यह है कि अधिकांश मरीज अस्थमा के लक्षणों में कमी के बाद दवाएँ लेना छोड. देते हैं। हमें मरीजों को यह समझाना होगा कि अस्थमा को ठीक नहीं किया जा सकता या इलाज नहीं किया जा सकता, बल्कि इसे केवल सही हस्तक्षेप के माध्यम से बेहतर तरीके से प्रबंधित किया जा सकता है, डॉ अग्रवाल ने साझा करते हुए कहा।उन्होंने आगे कहा कि बहुत से मरीज 6 महीने से लेकर लगभग एक साल तक अस्थमा के लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं। हमें अस्थमा के रोगियों का पहली बार निदान करने में एक बडी समस्या का सामना करना पडता है। कई मरीजों को पता ही नहीं होता कि वह कितने समय से ऐसे लक्षणों का सामना कर रहे हैं। मरीजों को यह समझने की जरूरत है कि अस्थमा के शुरुआती लक्षण जैसे सांस लेने में तकलीफ, घरघराहट और सीने में जकडऩ को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए और शुरुआती उपचार से जीवन की गुणवत्ता में मदद मिलती है, डॉ अग्रवाल ने कहा कि अस्थमा के लिए अनुवर्ती परामर्श के बारे में पूछे जाने पर डॉ. अग्रवाल ने कहा कि कई मरीज अस्थमा के लिए अनुपरीक्षण को प्राथमिकता नहीं देते हैं। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि अस्थमा के बारे में जागरूकता और शिक्षा की कमी के कारण, मरीज अनुवर्ती परामर्श पसंद नहीं करते हैं।अस्थमा की व्यापकता व्यापकता के संदर्भ में, यह अनुमान लगाया गया है कि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी, 1990-2019) के अनुसार, भारत में 34.3 मिलियन अस्थमा रोगी हैं, जो वैश्विक बोझ का 13.09 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारत विश्व स्तर पर अस्थमा से संबंधित 42 प्रतिशत मौतों में योगदान देता है। इसके अतिरिक्त, अस्थमा के कारण विकलांगता-समायोजित जीवन वर्ष के मामले में देश दुनिया में पहले स्थान पर है।